# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 अगस्त 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विकसित भारत के लिए नशा–मुक्त युवा संकल्प अभियान की नई दिल्ली में शुरुआत की। वर्चुअल माध्यम से उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के लिए युवाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर होना जरूरी है।

***देश का युवा आत्मविश्वास से भरपूर हो और ड्रग्स जैसी घातक आदत से हमेशा–हमेशा दूर ही रहे यही इस अभियान का उद्देश्य है। हम सबको यह संकल्प लेना है हमारे युवा नशे और ड्रग्स के खतरों को समझे। हर तरह से जागरूक रहे और उससे दूर रहे और इस संकल्प में अब राष्ट्रीय नशा युवा मुक्त अभियान की बड़ी भूमिका है।***

श्री मोदी ने कहा कि नशीले पदार्थों की लत लोगों को लक्ष्य से भटकाती है। और इससे देश की ताकत भी कमजोर होती है।

***नशा केवल शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता, नशा एक माँ की मुस्कान छीन लेता है और जब परिवार में समाज में ऐसा होता है राष्ट्र की शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है और इसलिए दुश्मन देश भी षड्यंत्र करके हमारे देश के युवाओं को इस नशे की लत में खींचने के लिए कोई कोशिश बाकी नहीं रखते और इसलिए हमें हर एक युवा को नशे के चुंगल में फंसने से बचाना है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि नशा–मुक्ति के लिए सौ हफ्ते का 'जन–भागीदारी ' अभियान शुरु किया जाएगा और देशभर में हर रविवार को साप्ताहिक कार्यक्रम होंगे। आज के कार्यक्रम में, अट्ठाइस हजार जगहों से एक करोड़ से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया।

**********

प्रदेश विधानमण्डल का मानसून सत्र कल से शुरू होगा। सत्र के दौरान मंगलवार को प्रदेश सरकार अनुपूरक बजट प्रस्तुत करेगी। सत्र संचालन को लेकर आज विधानभवन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में एक सर्वदलीय बैठक हुयी। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा और विधानपरिषद के सभी सदस्यों का आह्वान किया कि वे जनहित से जुड़े हर मुद्दे को सदन में रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा होने से समस्याओं का समाधान और प्रदेश के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। विधानसभा अध्यक्ष ने भी सदन की सुचारू संचालन के लिये सभी सदस्यों का सहयोग मांगा।

**********

प्रदेश ने बागवानी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ मशरूम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य ने वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में इक्यावन हजार मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन कर राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिये उद्यान विभाग की तरफ से एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अन्तर्गत चालीस से पचास प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा–पीईटी दो हजार छब्बीस का विज्ञापन जारी कर दिया है। पीईटी दो हजार छब्बीस के लिये ऑनलाइन आवेदन कल से शुरू होंगे और एक सितम्बर तक किये जा सकेंगे। आयोग के दायरे में आने वाली समूह ग की सभी भर्तियों के लिये पीईटी अनिवार्य होगी। पीईटी का स्कोर तीन वर्ष यानी वर्ष दो हजार अट्ठाइस तक मान्य रहेगा।

**********

मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिये नीट–यूजी दो हजार छब्बीस की काउंसिलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके अन्तर्गत अखिल भारतीय कोटा, केन्द्रीय और डीम्ड विश्वविद्यालयों की पहले चरण की काउंसिलिंग चार से सत्रह अगस्त तक होगी। पहले चरण में चयनित विद्यार्थियों को बाइस अगस्त तक प्रवेश लेना होगा।

**********

सावन माह के पहले सोमवार पर कल प्रदेश भर के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिये कांवड़ियों और अन्य श्रद्धालुओं की सम्भावित भारी भीड़ को देखते हुए सुविधा, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राज्य के पश्चिमी जिलों के साथ ही पूर्वी क्षेत्र के वाराणसी, प्रयागराज सहित कई जनपदों में कांवड़ियों की भीड़ आज से ही उमड़ने लगी है। वाराणसी में सावन के पहले सोमवार पर बाबा विश्वनाथ के विशेष श्रृंगार की व्यवस्था की गयी है। प्रमुख मार्गों पर कांवड़ियों की सुविधा के लिये यातायात व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किया गया है।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चार दिनों तक प्रदेश के अधिकांश पूर्वी और पश्चिमी जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस बीच, गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में आज सुबह से ही आसमान में बादल छाये रहे। कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला भी बना रहा।

**********